नयी उड़ान अब भर ले तू

नयी उड़ान अब भर ले तू,
नये ढंग से जी ले तू,
सपने होंगे पुर तेरे,
फिर से छड़ी घुंमाले तू।।

आशाओ की छड़ी है तेरे हाथो में,
किरण सुनहरी खड़ी है तेरी राहो में,
नयी सुबह आई जीवन में,
अपना जीवन जी ले तू,
नयी उड़ान अब भर ले तू,
नये ढंग से जी ले तू।।

ख्वाहिश अपनी करले पूरे जीवन में,
अमर प्यार को भर ले अपने जीवन में,
काटो में जो फूल खिला है,
अपना जीवन जी ले तू,
नयी उड़ान अब भर ले तू
नये ढंग से जी ले तू।।

मुश्किल तो आती और जाती छाया है,
फिर भी हमने गीत खुशी का गाया है,
हंसता गाता चेहरा लेकर,
अपना जीवन जी ले तू,
नयी उड़ान अब भर ले तू,
नये ढंग से जी ले तू.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23932/title/nayi-udaan-ab-bhar-le-tu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |